भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2950

(10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

तेलंगाना हेतु निधि का आवंटन

2950. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत तेलंगाना को विशेषकर मेडक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) की निधि का उपयोग ग्रामीण सड़क विकास के लिए किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क): 'ग्रामीण सड़क' राज्य का विषय हैं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) कोर नेटवर्क में पात्र संपर्क रहित बसावटों को एकल बारहमासी सड़क के माध्यम से ग्रामीण संपर्कता प्रदान करने के लिए एक बारगी विशेष कार्यकलाप है। पीएमजीएसवाई दिशानिर्देशों के अनुसार, पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कार्य राज्य सरकारों के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं।

पीएमजीएसवाई के कार्यान्वयन के लिए राज्यों को निधियों का आवंटन/जारी करना राज्य से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर किया जाता है और यह अन्य बातों के साथ-साथ, चल रहे कार्यों, राज्य की कार्यान्वयन क्षमता और उसके पास उपलब्ध अप्रयुक्त निधियों पर निर्भर करता है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य द्‌वारा जारी की गई निधियों और किए गए व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है:

क्र. सं.	राज्य	2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		जारी	व्यय (राज्य के हिस्से सहित)	जारी	व्यय (राज्य के हिस्से सहित)	जारी	व्यय (राज्य के हिस्से सहित)	जारी	व्यय (राज्य के हिस्से सहित)	जारी	व्यय (राज्य के हिस्से सहित)
1	तेलंगाना	0.00	289*	86.38	411	321.43	346	296.9625	480	132.57	400

*राज्य ने वित्त वर्ष 2019-20 के राज्य वित्त विभाग द्‌वारा जमा की गई लंबित राशि की प्राप्ति पर व्यय किया।

संसदीय क्षेत्र-वार डेटा का रखरखाव मंत्रालय के स्तर पर नहीं किया जाता है। राज्य द्‌वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान मेडक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में आवंटित, जारी की गई निधियों और किए गए व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है:

निर्वाचन क्षेत्र	आवंटन (करोड़ रु. में)	जारी (करोड़ रु. में)	व्यय (करोड़ रु. में)
मेडक	Rs. 130.90	Rs.117.78	Rs.117.78

(ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा) द्‌वारा साझा की गई रिपोर्ट के अनुसार, महात्मा गांधी नरेगा की अनुसूची I, धारा 4 (3), पैरा 4 (1), IV: ग्रामीण अवसंरचना की श्रेणी-घ के अनुसार, निम्नलिखित कार्यकलाप अनुमेय हैं: (ii) संपर्कविहीन गांवों और सीमावर्ती क्षेत्रों को बारहमासी ग्रामीण सड़क संपर्कता प्रदान करना और चिन्हित ग्रामीण उत्पादन केंद्रों को मौजूदा पक्की सड़क नेटवर्क से जोड़ना और गांव के भीतर नालियों और पुलियों सहित पक्की आंतरिक सड़कों या गलियों का निर्माण।

तेलंगाना राज्य में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान (05.03.2026 तक) महात्मा गांधी नरेगा के तहत शुरू किए गए ग्रामीण संपर्कता कार्यों का जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

दिनांक 10.03.2026 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2950 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वित्तीय वर्ष 2025-26 (05 मार्च 2026 तक) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत शुरू किए गए ग्रामीण संपर्कता कार्यों का जिला-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:					
क्र. सं.	**जिला**	**जारी**		**पूर्ण**	
		कार्यों की संख्या	व्यय (लाख रुपए में)	कार्यों की संख्या	व्यय (लाख रुपए में)
1	आदिलाबाद	1,139	3,102.33	4,466	929.98
2	भद्राद्री कोठागुडेम	455	247.76	3,590	4,765.69
3	हनुमाकोंडा	129	57.04	1,800	1,900.45
4	जगटियल	310	1,013.74	3,090	651.16
5	जंगांव	280	222.53	3,225	2,260.71
6	जयशंकर भोपालपल्ली	167	18.67	925	229.95
7	जोगुलम्बा गडवाल	386	32.41	2,846	2,176.19
8	कामारेड्डी	557	239.90	3,203	2,257.68
9	करीमनगर	282	280.21	6,815	3,492.26
10	खम्मम	2,061	538.31	7,287	8,533.55

11	कुमराम भीम(आसिफाबाद)	874	804.52	2,596	3,117.90
12	महबूबाबाद	555	113.79	4,545	2,485.98
13	महबूबनगर	209	52.15	12,306	2,635.00
14	मंचेरियल	396	184.73	2,516	2,409.48
15	मेडक	390	469.04	3,646	3,894.36
16	मेडचल	49	5.28	204	-
17	मुलुगु	166	114.87	995	1,174.54
18	नगरकुरनूल	1,294	214.76	4,180	635.49
19	नलगोंडा	991	1,453.81	6,396	3,029.80
20	नारायणपेट	106	99.33	731	1,128.26
21	निर्मल	427	897.75	3,622	4,556.17
22	निज़ामाबाद	618	249.92	5,021	2,510.79
23	पेड्डापल्ली	442	730.35	1,740	2,734.29
24	राजन्ना सिरसिल्ला	619	341.55	2,773	2,413.79
25	रंगारेड्डी	679	194.78	2,362	1,121.20
26			476.48		4,489.78

	संगारेड्डी	913		3,034	
27	सिद्दीपेट	354	2,320.59	1,595	3,340.13
28	सूर्यापेट	1,566	2,161.37	3,733	5,678.84
29	विकाराबाद	808	3,069.10	4,151	2,627.46
30	वानापर्थी	421	70.19	2,914	1,398.01
31	वारंगल	134	44.47	3,583	510.04
32	यादाद्री भुवनगिरी	219	309.57	2,511	2,738.98
	कुल	**17,996**	**20,131.30**	**1,12,401**	**81,827.91**